SSC Public Examinations,July- 2020 **09H**

Second Language- HINDI

(MODEL PAPER)

Class : X] Max.Marks : 100 [Time : 3h.15min

**सूचनाएँ :- 1)प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।**

**2)सभी प्रश्नों के उत्तर उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

**3)प्रश्न पत्र में छः भाग हैं।**

## भाग-I

**I.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। 12 x1 = 12**

1.पायो जी मैं तो राम रतन धन पायो। ( रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानिए। )

| | | |
|---|---|---|
| रत्न | रटन | रतण |

2.हिंदी की उपयोगिता आजकल बढ़ती जा रही है। (क्रिया विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए।)

3.1663 - अक्षरों में लिखिए।

4.दादी तवे_____ रोटियाँ उतारती है।(सही कारक चिह्न पहचानिए )

| | | |
|---|---|---|
| को | से | में |

5.नर समाज का भाग्य श्रम और भुजबल है | (वाक्य के आधार पर समास पहचानिए।)

i)नर समाज -द्वंद समास

ii) भुजबल -तत्पुरुष समास

6. पेड़-पौधों से पर्यावरण संतुलित होता है। (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।)

7.जो अंतरिक्ष में यात्रा करते हैं | (एक शब्द में लिखिए।)

8. लक्ष्मीबाई स्वराज्य की नींव का पत्थर बनना चाहती है। (रेखांकित मुहावरे का अर्थ क्या है?)

| | | |
|---|---|---|
| निर्माण करना | बुनियाद डालना | आंदोलन करना |

9.नौकर सामान लाता है| ( लिंग बदलकर फिर से पूरा वाक्य लिखिए। )

10.लड़का घर जाता है| ( वचन बदलकर फिर से पूरा वाक्य लिखिए। )

11.सीता गाना गाती है | (वाक्य को भविष्यत काल में बदलकर लिखिए।)

12.मेरे को आम चाहिए | (शुद्ध रूप में लिखिए।)

**भाग : II**

**II. प्रश्न संख्या 13 से 16 तक दिये गये गद्यांश,पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए।**

**13. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर उत्तर अनुच्छेद में पहचान कर लिखिए।** **5 x1=5**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में देश को एकता के सूत्र में बाँधने के लिए एक भाषा की आवश्यकता हुई | यह काम हिंदी से ही साध्य हो सका।आज हमें एक से अधिक भाषाएँ सीखना जरूरी है।जिनमें हिंदी और अंग्रेजी का स्थान महत्वपूर्ण है।हिंदी से हम सारे भारत की पहचान अच्छी तरह से कर सकते हैं |

अ ) "अनेकता" - शब्द का विलोम शब्द पहचान कर लिखिए।

आ) उनमें हिंदी का स्थान महत्वपूर्ण है। (इस वाक्य में विशेषण शब्द क्या है?)

इ) "ईय" - प्रत्यय से जुड़ा हुआ शब्द पहचान कर लिखिए।

ई). "आजादी" - शब्द का पर्यायवाची शब्द पहचान कर लिखिए।

उ). आज हमें एक से अधिक भाषाएँ सीखना जरूरी है| (सर्वनाम शब्द पहचानिए )

14 . **निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** **5 x 1 = 5**

उलझन में उलझे लोगों को, तथ्य दीप समझायेंगे।
भटक रहे जो जीवन पथ से, उनको राह दिखायेंगे।
हम खुशियों के दीप जला, जीवन ज्योत जलायेंगे।
हम भारतवासी दुनिया को, पावन धाम बनायेंगे।

अ ) भारतवासी किसको तथ्य दीप समझायेंगे ? [ ]

A) गरीबोंको B) उलझे लोगोंको C) अमीरों को D) चोरों को

आ ) जीवन पथ से भटकने वालों को क्या दिखाना चाहिए ? [ ]

A) प्रकाश B) रोशन C) चमक D) राह

इ ) भारतवासी दुनियाँ को क्या बनाना चाहते हैं ? [ ]

A) पावनधाम B) धनधाम C) धान्यधाम D) स्वर्गधाम

ई ) ¨पावन¨ शब्द का अर्थ क्या है ? [ ]

A) पवित्र B) स्वतंत्र C) हवा D) सूरज

उ ) यह पद्यांश किस पाठ से दिया गया है ? [ ]

A) बरसते बादल B) कण -कण अधिकारी C)हम भारतवासी D)नीतिदोहे

15. **निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** **5 X 1 = 5**

वास्तविक लोकगीत देश के गाँवों और देहातों में हैं।इनका संबंध देहात की जनता से है।बड़ी जान होती है इनमें।बाउल और भतियाली बंगाल के लोकगीत हैं।पंजाब में माहिया आदि इसी प्रकार के हैं।हीरा रांझा,सोहनी महीवाल संबंधी गीत पंजाबी में और ढोलामारू आदि गीत राजस्थानी में बड़े चाव से गाये जाते हैं |

अ ) वास्तविक लोकगीतों का संबंध किसके साथ है?

आ ) राजस्थानी में कौन से लोकगीत गाये जाते हैं ?

इ ) बड़ी जान किसमें होती है ?

ई ) बाउल और भतियाली किस प्रांत के लोकगीत हैं ?

उ) इस गद्यांश के लेखक कौन है ?

16. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए।** **5×1 = 5**

टेसी थॉमस की शिक्षा-दीक्षा केरल स्थित अलप्पुझा में हुई।यहीं पर उनका जन्म हुआ था।रक्षा अनुसंधान और विज्ञान को पुरुषों का क्षेत्र माना जाता था।मगर टेसी थॉमस ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़-निश्चय से पुरुष वर्चस्व वाले क्षेत्र में सफलता के नये शिखर तय किये हैं। थॉमस रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (D.R.D.O) के अग्नि-5 कार्यक्रम की निदेशक बनीं।

अ ) टेसी थॉमस का जन्म यहाँ हुआ ? [ ]

A )आँध्रप्रदेश B)केरला C) तमिलनाडु D) कर्नाटक

आ )टेसी थॉमस किस कार्यक्रम के निदेशक बनी ? [ ]

A )अग्नि -5 B) डी.आर.डी.ओ C) अग्नि-2 D)अग्नि -4

इ )यह क्षेत्र पुरुषों का क्षेत्र माना जाता है ? [ ]

A )अर्थशास्त्र B)इंजिनीरिंग C)रक्षा अनुसंधान और विज्ञान D) देश की सुरक्षा

ई) 'जन्म' - शब्द का विलोम शब्द क्या है ? [ ]

A)जीवन B)चरण C)तोरण D)मृत्यु

उ) 'धरती के सवाल-अंतरिक्ष के जवाब' कैसा पाठ है ? [ ]

A ) कहानी B) जीवनी C)साक्षात्कार D) निबंध

## भाग - III

**III)प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 6 पंक्तियों में लिखिए। 2 × 4 =8**

17. रहीम के बारे में आप क्या जानते हैं?
18. 'स्वराज्य की नींव' पाठ के लेखक श्री विष्णु प्रभाकर जी का जीवन परिचय दीजिए?

## भाग - IV

**IV.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए। 8 × 3 =24**

19. विश्व बंधुत्व की भावना को बढ़ाने में भारतवासियों की क्या भूमिका है?
20 . नर समाज का भाग्य क्या है?अपने शब्दों में लिखिए।
21. लोकगीत किन अवसरों पर गाये जाते हैं ?
22. कलाम जी के अनुसार आदर्श छात्र के गुण क्या हैं ?
23. बाबा गंगादास जी ने स्वराज्य की नींव के बारे में क्या कहा ?
24. शांति की परिभाषा क्या हो सकती है?अपने शब्दों में लिखिए ?
25. अरुणा की ममता पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ?
26. अकाल की समस्या के निवारण के लिए राजा ने क्या-क्या उपाय सोचे होंगे ?

## भाग - V

**V.निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**27)किसी एक प्रश्न का उत्तर 15 पंक्तियों में लिखिए। 1 × 10 =10**

अ) वर्षा के समय प्रकृति की शोभा दर्शनीय होती है|'बरसते बादल' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ?

(या)

आ) रैदास की भक्ति भावना का वर्णन कीजिए?

**28)किसी एक प्रश्न का उत्तर 15 पंक्तियों में लिखिए। 1 × 10 = 10**

अ) ईदगाह पाठ के आधार पर हामिद की भावनाओं को स्पष्ट कीजिए?

(या)

आ) लेखक ने अपनी यात्रा वृत्तांत में गोदावरी नदी की कौन सी विशेषताएँ बतायीं ?

## भाग - VI

**VI.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**29)किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।** **1 × 8 = 8**

अ) विहार यात्रा का वर्णन करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए।

(या)

आ)आवश्यक पुस्तके माँगते हुए पुस्तक विक्रेता के नाम पत्र लिखिए।

**30) किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।** **1 × 8 = 8**

अ) जल हमारे जीवन का आधार है।'जल संरक्षण' का महत्व समझाते हुए निबंध लिखिए।

(या)

आ)भारत में अनेक देशभक्तों तथा राजनीतिज्ञों का जन्म हुआ। उनमें से अपने 'प्रिय नेता' के बारे में निबंध लिखिए।